भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

31.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1601 का उत्तर

अहमदाबाद-डूंगरपुर-उदयपुर-जयपुर मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस

1601. श्री राजकुमार रोत:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वंदे भारत एक्सप्रेस के विस्तार और संचालन की स्थिति क्या है तथा वर्तमान में यह किन मार्गों पर चल रही है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार मांग के अनुसार अहमदाबाद-डूंगरपुर-उदयपुर-जयपुर मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का विचार रखती है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार अत्यधिक यात्री भार के मद्देनजर वर्तमान में चल रही 12982 असरवा-जयपुर सुपरफास्ट ट्रेन में अतिरिक्त सामान्य डिब्बे जोड़ने का विचार रखती है;

(ड)) यदि हां, तो ऐसा कब तक किया जाएगा तथा यदि नहीं, तो तत्संबंधी ब्यौरे सहित इसके क्या कारण हैं;

(च) क्या सरकार का अहमदाबाद-दिल्ली वाया उदयपुर तथा उदयपुर-मुंबई वाया डूंगरपुर मार्गों पर नई ट्रेनें चलाने का विचार है; और

(छ) यदि हां, तो ऐसा कब तक किया जाएगा यदि नहीं, तो तत्संबंधी ब्यौरे सहित इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (छ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

अहमदाबाद-डूंगरपुर-उदयपुर-जयपुर मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस के संबंध में दिनांक 31.07.2024 को लोक सभा में श्री राजकुमार रोत के अतारांकित प्रश्न सं. 1601 के भाग (क) से (छ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (छ): 25 जुलाई, 2024 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में 102 वंदे भारत गाड़ी सेवाएं चल रही हैं, जो बड़ी लाइन (बी.जी.) विद्युतीकृत नेटवर्क वाले राज्यों को जोड़ती हैं। ये निम्नलिखित क्षेत्रों में परिचालित हैं:

वाराणसी - नई दिल्ली, नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटरा, मुंबई सेंट्रल - गांधीनगर कैपिटल, नई दिल्ली - अंब अंदौरा, एमजीआर चेन्नई सेंट्रल - मैसूरु, बिलासपुर - नागपुर, हावड़ा - न्यू जलपाईगुड़ी, विशाखापत्तनम - सिकंदराबाद, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - साईंनगर शिरडी, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - सोलापुर, रानी कमलापति - हज़रत निज़ामुद्दीन, एमजीआर चेन्नई सेंट्रल - कोयम्बटूर, सिकंदराबाद - तिरूपति, अजमेर - चंडीगढ़, मंगलोर सेंट्रल - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल, हावड़ा - पुरी, आनंद विहार (टर्मिनल) - देहरादून, न्यू जलपाईगुड़ी - गुवाहाटी, रानी कमलापति - रीवा, केएसआर बेंगलुरु - धारवाड़, इंदौर - नागपुर, पटना - रांची, छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मिनस) - मडगांव, जोधपुर - साबरमती, गोरखपुर - प्रयागराज, कासरगोड - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल, अहमदाबाद - ओखा, चेन्नई एग्मोर - तिरुनेलवेली, एमजीआर चेन्नई सैंट्रल - विजयवाड़ा, काचीगुड़ा - यशवंतपुर, उदयपुर सिटी - जयपुर, हावड़ा - पटना, राउरकेला - पुरी, हावड़ा - रांची, बेंगलुरु कैंट - कोयंबटूर, मंगलोर - मडगांव, जालना - सीएसएमटी मुंबई, बनारस - नई दिल्ली, आनंद विहार (टर्मिनल) - अयोध्या कैंट, श्री माता वैष्णो देवी कटरा - नई दिल्ली, अमृतसर - दिल्ली, मैसूर - चेन्नई सेंट्रल, सिकंदराबाद - विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर - विशाखापत्तनम, रांची - बनारस, कलबुरगि - एसएमवी बेंगलुरु, न्यू जलपाईगुड़ी - पटना, पटना - गोमतीनगर, खजुराहो - हजरत निजामुद्दीन, लखनऊ जंक्शन - देहरादून, मुंबई सेंट्रल - अहमदाबाद।

वर्तमान में 12981/12982 असारवा-जयपुर एक्सप्रेस को 04 सामान्य श्रेणी के सवारी डिब्बों सहित 22 एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) डिब्बों के अधिकतम अनुमेय भार के साथ चलाया जा रहा है। वर्तमान में अहमदाबाद-दिल्ली रेलखंड को 8 जोड़ी रेलगाड़ियों द्वारा सेवित किया जा रहा है जबकि उदयपुर-मुंबई रेलखंड को 2 जोड़ी रेलगाड़ियों द्वारा सेवित किया जा रहा है।

इसके अलावा, भारतीय रेल पर वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाओं सहित अन्य रेलगाड़ी सेवाओं की शुरूआत करना सतत प्रक्रिया है, जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधन की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

*****

s.k